# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक–प.2( )जविप्रा / अ.आ / एल.पी.सी. / बैठक / 2024 /

## कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 194वीं बैठक दिनांक 12.07.2024 को सुबह 11:30 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में "चिंतन सभा कक्ष" में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ठ 'अ' पर संलग्न है। बैठक में विचार विमर्श पश्चात् निम्नांकित निर्णय लिये गये:–

| क्र.सं | जोन | प्रस्ताव संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | – | 194:1 | प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 193वीं बैठक दिनांक 28.06.2024 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लम्बित अनुपालना रिपोर्ट की समीक्षा बाबत। | भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति की 193वीं बैठक दिनांक 28.06.2024 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई एवं लम्बित अनुपालना की समीक्षा की गई। आयुक्त महोदय द्वारा लंबित प्रकरणों में शीघ्र पालना करने के निर्देश दिये गए। |
| 2 | 04 | 194:2 | 300 शैयायुक्त सैटेलाईट अस्पताल सांगानेर का भूमि आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–4 द्वारा 300 शैयायुक्त सैटेलाईट अस्पताल सांगानेर को भूमि आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श किया गया। उपायुक्त जोन द्वारा बताया गया कि सैटेलाईट अस्पताल हेतु पूर्व में 3195 व.मी. भूमि खसरा नंबर 58 व 61 में निःशुल्क आवंटित की गयी है। तत्पश्चात् प्रकृरण एलपीसी की 193वीं बैठक दिनांक 28.6.24 में रखा जाकर पूर्व आवंटन को निरस्त कर 10,100 व.मी. भूमि आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया।<br><br>अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्थान द्वारा प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग को प्रेषित पत्र दिनांक 04.07.2024 द्वारा सांगानेर, जयपुर में 300 शैयायुक्त जिला अस्पताल हेतु 30,000 व.मी. (3 हैक्टेयर) भूमि की आवश्यकता बतायी गयी है।<br><br>प्रकरण पर विचार–विमर्श कर सांगानेर सैटेलाइट अस्पताल हेतु पूर्व में आवंटित भूमि 3195 व.मी. के अतिरिक्त जोन प्रस्ताव अनुसार |

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरू मार्गए जयपुर.302004
दूरभाषः91.0141.2570122द्व रू ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशनरू ह्7019द्वरू
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gov.in}

RajKaj Ref 8932148
Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.07.14 08:48:48 IST
Reason: Approved

# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | राजस्व ग्राम सांगानेर के खसरा नं. 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 78 एवं 131 कुल रकबा 3.04 हैक्टेयर में से 21948 व.मी. भूमि निःशुल्क आवंटन की अभिशंषा के साथ भू आवंटन नीति–2015 के कम में प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया।<br>खसरा नं. 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 78 एवं 131 का भू उपयोग मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल विकास योजना–02 के अनुसार रिक्रियेशनल दर्शित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के आदेश दिनांक 3.8.23 के बिन्दु संख्या 1 के अनुसार इकोलॉजिकल जोन, इकोसेन्सिटिव जोन, आमोद–प्रमोद (पॉर्क, प्लेग्राउण्ड, खुले स्थान आदि) को छोड़कर मास्टर प्लान के अन्य भू–उपयोगों से चिकित्सा संस्थान प्रयोजन हेतु भू–उपयोग परिवर्तन अनुमत किया गया है। जिसके संबंध में राज्य सरकार से सक्षम शिथिलन प्राप्त कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जावे।<br>उक्त खसरा नंबरों पर कुछ भाग में बनी कारागृह की कोठरियों को चिकित्सा विभाग केन्द्रीय कारागृह से समन्वय कर अपने स्तर पर ही उक्त कोठरियों को हटाने की कार्यवाही करेगा। |
| 3 | 08 | 194:3 | निजी खातेदारी आवासीय योजना कृष्णा सिटी, सी–ब्लॉक के सुविधा क्षेत्र में 1000 व.ग. भूमि 33/11 केवी सब–स्टेशन हेतु भूमि आंवटन बाबत् । | उपायुक्त जोन–08 द्वारा निजी खातेदारी आवासीय योजना कृष्णा सिटी, सी–ब्लॉक के सुविधा क्षेत्र 1621.66 व.मी. में से 1000 व.ग. भूमि 33/11 केवी सब–स्टेशन हेतु अधीक्षण अभियन्ता (ज.न.वृ. दक्षिण) जयपुर डिस्कॉम, जयपुर को भूमि आंवटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा विचार–विमर्श कर 1000 व.ग. भूमि 50 प्रतिशत संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण भू आवंटन नीति– 2015 के कम मे राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्देश दिये गये की शेष बची हुई भूमि को जविप्रा के हित में आरक्षित रखते हुए दोनों भूमियों को प्रवेश |

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.07.14 08:48:48 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 8932148

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | हेतु एक ही एप्रोच रखी जावे। |
| 4 | 11 | 194:4 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरानी, तहसील सांगानेर को विद्यालय भवन व खेल मैदान हेतु 4000 व.मी भूमि निःशुल्क आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–11 द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरानी, तहसील सांगानेर को विद्यालय भवन व खेल मैदान हेतु 4000 व.मी भूमि निःशुल्क आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जोन प्रस्तावानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरानी, तहसील सांगानेर हेतु खसरा नंबर 557 रकबा 0.81 हैक्टेयर में से 4000 व.मी. भूमि विद्यालय भवन एवं खेल मैदान हेतु भू आवंटन नीति–2015 के क्रम में निःशुल्क आवंटन करने निर्णय लिया गया। साथ ही उपायुक्त जोन को निर्देशित किया गया कि खसरे की तरमीम इस तरह से करवाई जावे जिससे कि शेष भूमि की उपयोगिता बनी रहे। |
| 5 | 12 | 194:5 | जविप्रा की आवासीय योजना रघुनाथ विहार के भूखण्ड संख्या डी–243 व डी–249 क्षेत्रफल क्रमशः 90:00 व.मी के स्थान पर जविप्रा की आवासीय योजना रजत विहार के डी–ब्लॉक के भूखण्ड संख्या डी–156 क्षेत्रफल 310.49 व.मी का उपविभाजन करने के पश्चात् (भूखण्ड संख्या डी–156 क्षेत्रफल 130.41 व.मी व भूखण्ड संख्या डी–156ए व डी–156बी क्षेत्रफल क्रमशः 90.00 व.मी) विनिमय में देने बाबत्। | उपायुक्त जोन–12 द्वारा जविप्रा की आवासीय योजना रघुनाथ विहार के भूखण्ड संख्या डी–243 व डी–249 क्षेत्रफल क्रमशः 90:00 व.मी के स्थान पर जविप्रा की आवासी योजना रजत विहार के डी–ब्लॉक के भूखण्ड संख्या डी–156 क्षेत्रफल 310.49 व.मी का उपविभाजन करने के पश्चात् (भूखण्ड संख्या डी–156 क्षेत्रफल 130.41 व.मी व भूखण्ड संख्या डी–156ए व डी–156बी क्षेत्रफल क्रमशः 90.00 व.मी) विनिमय में देने बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर प्रकरण का पुनः परीक्षण करने हेतु उपायुक्त जोन को निर्देशित किया गया। |
| 6. | 13 | 194:6 | जविप्रा की व्यवसायिक योजना ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड सख्या बी–1/194 क्षेत्रफल 40.00 व.मी के स्थान पर विनिमय में अन्य भूखण्ड आवंटन करने बाबत्। | उपायुक्त जोन–13 द्वारा जविप्रा की व्यवसायिक योजना ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड संख्या बी–1/194 क्षेत्रफल 40.00 व.मी के स्थान पर विनिमय में अन्य भूखण्ड आवंटन करने बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर प्रकरण का पुनः परीक्षण किये जाने हेतु उपायुक्त जोन को निर्देशित किया गया। |



RajKaj Ref. 8932148

Signature Not Verified

Digitally signed by Priya Balram Sharma

Designation : Additional Commissioner

Date: 2024.07.14 08:48:48 IST

Reason: Approved

# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से निम्नांकित अतिरिक्त एजेण्डा पर विचार–विमर्श कर निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | 12 | 194:7 | जविप्रा की आवासीय योजना केदार विहार में आवंटित भूखण्ड संख्या जी–599 क्षेत्रफल 90.00 व.मी. के स्थान पर इसी योजना के अन्य उपलब्ध/रिक्त आवासीय भूखण्ड़ संख्या जी–37, जी–38, जी–47, व जी–51 क्षेत्रफल 90.00 व.मी. विनिमय में दिये जाने बाबत्। | उपायुक्त जोन–12 द्वारा जविप्रा की आवासीय योजना केदार विहार में आवंटित भूखण्ड़ संख्या जी–599 क्षेत्रफल 90.00 व.मी. के स्थान पर इसी योजना के अन्य उपलब्ध/रिक्त आवासीय भूखण्ड़ संख्या जी–37, जी–38, जी–47, व जी–51 क्षेत्रफल 90.00 व.मी. विनिमय में दिये जाने बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर प्रस्तावित भूखण्डों मे सें एक भूखण्ड़ लॉटरी के माध्यम से आवंटन करने का निर्णय लिया गया। योजना में इस प्रकृति के अन्य प्रकरणों को भी आगामी बैठक में एक साथ विचारार्थ रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। |

सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. विशिष्ठ सहायक, मा0 मंत्री, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, जयपुर विकास आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
4. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
5. निदेशक (वित्त/अभियांत्रिकी–I, II/नगर–आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व/पश्चिम/एल.पी.सी./भूमि/प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
7. संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजमेंट/संसाधन विकास एवं समन्वय), जविप्रा, जयपुर।
8. विशेषाधिकारी (आर. एण्ड एम.), जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त निदेशक (राजस्व एवं सम्पति निस्तारण), जविप्रा, जयपुर।
10. उपायुक्त जोन–1 से 14, पृथ्वीराज नगर (उत्तर–प्रथम व द्वितीय) (दक्षिण–प्रथम व द्वितीय)।
11. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा को कार्यवाही विवरण स्केन कर जविप्रा वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
12. जन सम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
13. रक्षी पत्रावली।

सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.07.14 08:48:48 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 8932148

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरू मार्गए जयपुर.302004
दूरभाषः 91.0141.2570122 ईपीबीएक्स 910141.2569696 एक्सटेंशन 7019
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in}